### एक नजर में

## नाचते-गाते साईं भक्तों ने की पालकी की अगवानी



**इंदौर.** इमली बाजार, रामबाग, कमाठीपुरा, भोईमोहल्ला और आसपास का समूचा क्षेत्र मंगलवार की सुबह साईं बाबा की भक्ति के रंग में झूम उठा. घर-घर बाबा की पालकी की अगवानी के लिए न केवल दीप जले बल्कि रंगोली और पुष्प वर्षा एवं तोरण द्वारों से सजे घरों के सामने आतिशबाजी, आरती और पूजन के दृश्य भी देखने को मिले इन क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से रतजगा चल रहा था. केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में जैसे ही पालकी साईं भक्त प्रदीप यादव और विनय यादव के निवास पर पहुंची, भक्तों का उत्साह पूरे शबाब पर पहुँच गया और भजनों पर नाचते-गाते हुए उन्होंने बाबा की पालकी की अगवानी की. बाबा के जयघोष से पूरे समय समूचा क्षेत्र गुंजायमान बना रहा. केन्द्रीय साईं सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, विनय यादव एवं समीर जोशी ने बताया कि गत 2 मार्च से चल रही साईं पालकी यात्रा और प्रभात फेरी का आज रामबाग क्षेत्र में समापन हुआ/ मंगलवार को भोई मोहल्ला स्थित भैरव भवानी मंदिर पर साईं बाबा की सुसज्जित पालकी के पूजन के लिए क्षेत्र के सचिन गौड़, आनंद गौड़, राहुल गौड़, सन्नी पदारे, सजन गौड़, शरद गौड़, अभिषेक गौड़, साहिल गौड़, संजय यादव, कमल गौड़, विजय यादव, भोला शिंदे, भुरु यादव, पिंटू यादव, नीरज यादव, दीपक यादव, राजेश यादव, कुलदीप यादव, रवि गौड़ सहित अनेक श्रद्धालुओं ने अगवानी कर इस यात्रा का शुभारंभ किया. कांग्रेस नेता दीपू यादव, भाजपा नेता अशोक चौहान चांदू, आलोक खादीवाला, चंदू कुंजीर, प्रतीक झंवर, मोहन पहलवान, तरुण फैतक, रोहित जैन, सौरभ मोदी सहित मातृशक्ति ने क्षेत्र के रहवासियों को 26 मार्च को राम नवमी पर साईं भक्त ब्रह्मलीन विनिता पाठक की स्मृति में बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक निकलने वाली साईराम यात्रा का न्यौता भी दिया.

## बड़ा गणपति चौराहा से भक्त कल निकालेंगे पालकी यात्रा

**इंदौर.** केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में गुरुवार 26 मार्च को सुबह 5.30 बजे बड़ा गणपति चौराहा से छत्रीबाग साईं मंदिर तक साईंराम यात्रा का दिव्य और भव्य आयोजन किया जा रहा है. इस यात्रा में साईं बाबा की सुसज्जित पालकी, राम दरबार एवं आदिवासी नृतक दल के साथ ही उज्जैन की प्रख्यात महाकाल रूप की भस्म रमैया भजन मण्डली, गरबा मण्डली, महिलाओं की कीर्तन मण्डली सहित अनेक आकर्षण रहेंगे. यात्रा की शुरुआत के लिए शहर के 15 प्रमुख संत विद्वानों को आमंत्रित किया गया है जो साईं बाबा की आरती के साथ इस यात्रा का शुभारम्भ करेंगे. शहर के विभिन्न क्षेत्रों से साईं भक्त बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल होंगे. आयोजन समिति के अध्यक्ष गौतम सुरेन्द्र पाठक एवं समिति से जुड़े अन्य साईं भक्तों ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 31 वर्षों से समिति द्वारा लगातार (कोरोना काल छोड़कर) साईं पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है. अब यात्रा के 32 वें महोत्सव पर पहली बार 26 मार्च को सुबह 5.30 बजे बड़ा गणपति चौराहा से बाबा की पालकी यात्रा और प्रभात फेरी का संयुक्त आयोजन साईंराम यात्रा के रूप में किया जा रहा है जो साईं भक्त ब्रह्मलीन सुश्री विनिता पाठक को समर्पित रहेगा. यात्रा में साईं बाबा की जीवनी पर आधारित ऑडियो बुक सहित अन्य आकर्षण भी रहेंगे. मार्ग में अनेक स्वागत मंचों से पुष्प वर्षा एवं साईं भक्तों के स्वागत की व्यवस्था भी की गई है. यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए साईं भक्त समीर जोशी, प्रदीप यादव, आलोक खादीवाला, चंदू कुंजीर सहित 11 सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है.

## फूड फेस्टिवल में मिलेगा श्रीलंकाई स्वाद

**इंदौर.** भारत की गलियों का खाना अपने चटपटे स्वाद और विविधता के लिए जाना जाता है. लेकिन अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों की दुनिया में भी ऐसे स्वाद मौजूद हैं जो धीरे-धीरे शहरों की रसोई तक पहुँच रहे हैं. इसी क्रम में शेरेटन ग्रैंड पैलेस इंदौर, शेरेटन कोलंबो होटल के सहयोग से अपने नए आयोजन द स्पिरिट ऑफ श्रीलंका फूड फेस्टिवल के माध्यम से इस अनुभव को पेश कर रहा है. यह फूड फेस्टिवल 25 मार्च से शुरू हो रहा है और 31 मार्च तक शेरेटन ग्रैंड पैलेस इंदौर में रोज़ाना शाम 7.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है, जहां मेहमानों को तेज़ मसालों, समृद्ध खुशबुओं और पीढ़ियों से संजोई गई पारंपरिक रेसिपीज़ से भरी एक खास यात्रा का अनुभव मिलेगा. एग्जीक्यूटिव शेफ पंकज राणा ने कहा, हमारे लिए यह फेस्टिवल केवल खाने तक सीमित नहीं है. हम चाहते हैं कि हर मेहमान यहां कदम रखते ही श्रीलंका की समृद्ध पाक परंपरा और उसके विविध स्वादों का अनुभव करे. इस आयोजन के माध्यम से हम भारत में श्रीलंकाई व्यंजनों की पेशकश कर रहे हैं और एक सांस्कृतिक संवाद भी स्थापित कर रहे हैं, जिससे लोग श्रीलंका के रंग, परंपरा और पाक विरासत के करीब आ सकें. हमने इस फेस्टिवल को इस तरह डिजाइन किया है कि मेहमानों को हर डिश में असली स्वाद और नयापन दोनों का संतुलन मिले. शेफ के. ए. लक्ष्मण, सू शेफ, शेरेटन कोलंबो होटल ने कहा श्रीलंकाई व्यंजन केवल मसालों का मिश्रण नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का विस्तार हैं. हर डिश के पीछे एक कहानी होती है, जिसे हम इस फेस्टिवल के माध्यम से मेहमानों तक पहुँचाना चाहते हैं. हमारा प्रयास है कि इंदौर के लोग असली श्रीलंकाई स्वाद का अनुभव कर सकें.



## छत्रीबाग जनसेवा समिति के भक्त धार्मिक यात्रा पर रवाना



**इंदौर.** छत्रीबाग जनसेवा समिति से जुड़े 50 भक्तों का एक समूह मंगलवार को अयोध्या, काठमांडू (नेपाल), गंगा सागर एवं जगन्नाथपुरी की 20 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर मालवा मिल, न्यू देवास रोड स्थित जिनिंग फैक्ट्री के सामने से बस द्वारा रवाना हुआ. साईं भक्त और अखंड धाम संत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल एवं अशोक गोयल ने यात्रियों को छत्रीबाग जनसेवा समिति के अध्यक्ष रमेश मोटवानी, अनंत सोनवने, मनोज तारे, सुरेन्द्र सिंह तोमर, पवन राठौर एवं महेंद्र सिंह गौड़ के साथ हरी झंडी दिखाकर बिदा किया. 20 दिवसीय इस यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों पर देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर को निरंतर स्वच्छता में अग्रणी बने रहने में जन सहयोग का सन्देश भी देंगे और परिवार, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति और सद्भावना के लिए प्रार्थना भी करेंगे. सभी यात्री 13 अप्रैल को इंदौर लौट आएंगे.

# पशु आहार फैक्ट्री और कबाड़ दुकान में लगी आग

- 70 हजार लीटर पानी से बुझी दोनों जगह की आग, कोई जनहानि नहीं



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** देवगुराड़िया और लसूड़िया क्षेत्र में बीती रात आग लगने की दो बड़ी घटनाएं सामने आईं. पशु आहार फैक्ट्री और कबाड़ दुकान में लगी आग को बुझाने में दमकल को घंटों मशक्कत करनी पड़ी. हालांकि, दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों के नुकसान की आशंका है.

पहली घटना रात करीब 11.15 बजे देवगुराड़िया मंदिर के पीछे स्थित एक पशु आहार फैक्ट्री में हुई. एसआई संतोष कुमार दुबे ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की दो टीमें मौके पर पहुंचीं. पक्के शेड में संचालित फैक्ट्री में आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और धुआं दूर तक फैल गया. यह फैक्ट्री बिचौली हप्सी निवासी खुशबू पति विनीत अग्रवाल की बताई जा रही है. आग में बड़ी मात्रा में तैयार पशु आहार, मशीनरी, डस्ट और अन्य सामान जलकर खाक हो गया. करीब 45 हजार लीटर पानी की मदद से सुबह 4 बजे तक आग पर काबू पाया जा सका. घटना के समय फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था. इसी तरह दूसरी घटना रात करीब 12 बजे लसूड़िया थाना क्षेत्र में थाने के पीछे स्थित एक कबाड़ दुकान में हुई. एसआई सुशील दुबे ने बताया कि यहां आग लगने की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब 25 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग बुझाई. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आग दुकान के बाहर रखे स्क्रैप में लगी थी, जिसकी चिंगारी अंदर रखे कार्डबोर्ड तक पहुंचने से पूरी दुकान इसकी चपेट में आ गई. दोनों ही मामलों में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

# पातालपानी के बेलामोर रिसॉर्ट संचालक पर केस दर्ज

- दुष्कर्म प्रकरण की जांच में खुलासा
- मेहमानों का रिकॉर्ड नहीं रखने पर कार्रवाई




**इंदौर.** पातालपानी स्थित बेलामोर रिसॉर्ट में दुष्कर्म की घटना के बाद जांच में लापरवाही सामने आने पर बड़गोंदा पुलिस ने संचालक आयुष वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस रिसॉर्ट की अनुमति निरस्त करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ा रही है.

पुलिस के मुताबिक, रविवार 22 मार्च को बेलामोर रिसॉर्ट में एक युवती के साथ ब्लैकमेल कर दुष्कर्म की घटना सामने आई थी. पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया. जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि रिसॉर्ट प्रबंधन द्वारा ठहरने वाले व्यक्तियों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज नहीं किया जा रहा था. घटना के दिन भी पीड़िता और आरोपी की एंट्री रजिस्टर में नहीं की गई थी. इसके साथ ही रिसॉर्ट में ठहरने वाले मेहमानों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में पुलिस को भी नहीं दी जा रही थी. इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए पुलिस ने रिसार्ट के संचालक आयुष वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस ने संबंधित विभाग को पत्र लिखकर रिसॉर्ट की अनुमति निरस्त करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है.

# भागीरथपुरा में मालवा वनस्पति को किया सील

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के भागीरथपुरा में स्थित मालवा वनस्पति परिसर को आज प्रशासन सील करने की कार्रवाई की. प्रशासन ने उक्त कार्रवाई डायवर्शन टैक्स की राशि बकाया होने पर की है.

जिला प्रशासन द्वारा डायवर्शन टैक्स वसूली केके लेकर अभियान चलाया जा रहा है. उक्त अभियान के तहत आज शहर के भागीरथपुरा में स्थित मालवा वनस्पति परिसर को तहसीलदार मल्हारगंज ने सील करने की कार्रवाई की है. मालवा वनस्पति पर 4.62 लाख रुपए डायवर्शन टैक्स के बकाया है. मालवा वनस्पति द्वारा नोटिस के बाद नहीं भरे, तो उक्त सीलिंग की कार्रवाई की गई है. मल्हारगंज तहसीलदार नारायण नांदेड़ ने परिसर सील करने की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि जब तक राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तब तक परिसर सील रहेगा.

### पूर्व में भी उक्त जमीन विवादों में रही

मालवा वनस्पति की जमीन पहले ही विवादों में घिरी ही है. उक्त जमीन का सौदा पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने कर लिया था. यहां बहुमंजिला इमारत और एक छोटी लेकिन पाश कॉलोनी के लिए फार्म हाउस रेंज के प्लॉट काटने की अनुमति ले ली गई थी. तत्कालीन कलेक्टर मनीषसिंह ने उक्त जमीन की अनुमति निरस्त कर दी थी. इसके बाद से पूर्व विधायक शुक्ला का ड्रीम प्रोजेक्ट ड्रीम बनकर रह गया.

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 2000 वाहन चालकों के चालान

**इंदौर.** शहर में यातायात पुलिस ने अभियान के तहत 2000 वाहन चालकों के चालान बनाए. इनमें से 1650 वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए, जबकि तीन सवारी और सिग्नल तोड़ने वाले भी शामिल हैं.

पुलिस का अब विशेष फोकस उन चालकों पर है, जो गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात करते हैं. इसी कड़ी में एक दिन में 17 ऐसे चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई. यातायात पुलिस ने बताया कि मोबाइल पर बात करते समय वाहन चलाना हादसों का बड़ा कारण है. टीमों को निर्देश दिए हैं कि नियमित चेकिंग के दौरान ऐसे चालकों पर विशेष नजर रखें और सख्त कार्रवाई करें, क्योंकि लाख समझाइश के बावजूद लोग नियम-कानून का उल्लंघन कर रहे हैं.

# ठेकेदारी के विवाद में हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद

- 2020 में गोली मारकर की गई थी हत्या
- आरोपियों पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में ठेकेदारी विवाद के चलते ठेकेदार की हत्या के मामले में कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया है.

नवम अपर सत्र न्यायाधीश विवेक चंदेल की अदालत ने मंगलवार को बहुचर्चित हत्या प्रकरण में फैसला सुनाते हुए गोटू उर्फ प्रहलाद, सन्नी उर्फ कालू, कैलाश उर्फ शुभम और हेमराज बग्गभन, सभी निवासी इंदौर को दोषी करार दिया. न्यायालय ने चारों को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 29 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया. प्रभारी उप-निदेशक अभियोजन राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह वास्केडल ने पैरवी की. घटना 10 जून 2020 की है, जब फरियादी लखन झांजोट ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उसने बताया कि शाम करीब 5.40 बजे वह जूनी इंदौर स्थित ब्रिज के नीचे खड़ा था, तभी आरोपी मोटरसाइकिलों से पहुंचे और उसके भाई राहुल झांजोट को घेर लिया. आरोपियों ने पहले मारपीट की और फिर मुख्य आरोपी प्रहलाद ने कट्टे से राहुल पर गोली चला दी, जो उसकी गर्दन में लगी. गंभीर रूप से घायल राहुल को तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद आरोप-पत्र न्यायालय में पेश किया. सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने चारों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई.

### क्या था मामला?...

10 जून 2020 को जूनी इंदौर क्षेत्र में ठेकेदारी विवाद के चलते राहुल झांजोट की गोली मारकर हत्या की गई थी. आरोपियों ने पहले घेरकर मारपीट की, फिर कट्टे से गोली चलाई जो गर्दन में लगी. राहुल को गंभीर हालत में घायल को एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. फरियादी लखन झांजोट की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया. जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया, जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराया और उपरोक्त सजा से दंडित किया.



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मी सम्मानित

- अवैध हथियार बरामदगी, ड्रग्स कार्रवाई और बेहतर पुलिसिंग पर दिए पुरस्कार

**इंदौर. पुलिस कमिश्नर ने मंगलवार को पलासिया स्थित कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 20 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया.**

कमिश्नरेट में बेहतर पुलिसिंग को बढ़ावा देने और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से साप्ताहिक पुरस्कार योजना के तहत यह सम्मान दिया. इस दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थों की जब्ती, गंभीर अपराधों में तुरंत कार्रवाई और यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया. थाना द्वारकापुरी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस जब्त कर आरोपी को पकड़ने वाली टीम सहित कई पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से सराहा गया.

वहीं, विजय नगर क्षेत्र में चाकूबाजी के मामले में 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी, लसूड़िया में आरोपी को अकेले पकड़ने, जूनी इंदौर में अफीम बरामदगी और भंवरकुआ क्षेत्र में अवैध हथियार जब्ती जैसी कार्रवाइयों के लिए भी संबंधित स्टॉफ को सम्मान मिला. इसके अलावा अपराध शाखा की टीम को मुंबई से महिला आरोपी को गिरफ्तार कर एमडी ड्रग्स जब्त करने पर, जबकि यातायात पुलिस के कर्मचारियों को प्रमुख चौराहों पर बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन और प्रभावी कार्रवाई के लिए सम्मानित किया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी पुरस्कृत अधिकारियों-कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया.

# अज्ञान को दूर करती है भागवत कथा : माधवप्रपन्नाचार्य

- सात दिवसीय भागवत कथा का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ



**इंदौर. हमारे जीवन में अज्ञान और अंधेरे को दूर करने का काम भागवत कथा करती है. हमें केवल अपनी चिंता है, संतों को सबकी चिंता है. कलियुग के विकारों का परिमार्जन करने का काम यह कथा करती है. कथा उत्तम और अत्यन्त मधुर होनी चाहिए.**

यह ज्ञान शब्द स्वामी उज्जैन रामानुजकोट के युवा संत स्वामी माधवप्रपन्नाचार्य ने व्यास पीठ पर विराजित होकर आज संस्था माहेश्वरी संस्कृति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन दस्तूर गार्डन पर श्रोताओं को कथा ज्ञान का अमृत पान कराते हुए व्यक्त किए. स्वामी जी ने कहा कि कथा में भले ही कितना भी कटु सत्य बोला जाए कथा हमेशा कर्णप्रिय होना चाहिए. कथा सुनने से हमारे पाप नष्ट होते हैं. प्रारंभ में व्यासपीठ का पूजन विजय उषा खटोड, प्रमोद पुष्पा माहेश्वरी, मुनीश किरण मालानी, कृष्णावतार राठी, बद्रीप्रसाद प्रियंका सोनी, रमेश मधु लड्ढा, विवेक भारती झंवर आदि ने किया. मनीष जाखेटिया, मुकेश सारडा और मुरलीधर मोदी ने बताया कि इसके पूर्व प्रातः विशाल एवं भव्य शोभायात्रा गुमाश्ता नगर स्थित शिव मंदिर से निकली. इस शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ भजन मंडलियां भजन गाते हुए चल रहे थे. डीजे की धुन पर महिला-पुरूष नाचते गाते हुए चल रहे थे. महिलाएं केसरिया साड़ी में और पुरूष धवल वस्त्रों में इस शोभायात्रा में शामिल हुए. स्वामी माधवप्रपन्नाचार्य जी एक भव्य सुसज्जित बग्गी में विराजित होकर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे.

शोभायात्रा से पश्चिम क्षेत्र में वातावरण धर्ममय हो गया. शोभायात्रा गुमाश्ता नगर, फूटीकोठी रोड, स्कीम नं 71 से होते हुए कथा स्थल दस्तूर गार्डन पहुंची. यहां सभी धर्मालुओं का स्वागत किया गया. इस यात्रा में माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, पवन भलिका, राम मूंदड़ा, प्रो एन के मालानी, अजय माहेश्वरी, संतोष साबू, संजय मानधन्या, भगवानदास भलिका, बाबू झंवर, लक्ष्मण मुछाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

## वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में बिजली कंपनी का बकाया वसूली अभियान

**नवभारत न्यूज**

इंदौर. वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र की बिजली कंपनी ने बकाया वसूली अभियान को गति दे दी है. 25 से 31 मार्च तक इंदौर, उज्जैन, रतलाम समेत 15 जिलों में लगभग दस हजार कर्मचारी सक्रिय रहेंगे और 8 लाख उपभोक्ताओं से राजस्व वसूलने का लक्ष्य रखा गया है.

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सभी जिलों के अधीक्षण यंत्रियों को कहा कि लक्ष्य पूरा करने में कोई ढील नहीं होनी चाहिए पूरजोर मेहनत करें और परिणाम सुनिश्चित करें. इसके तहत प्रत्येक जिले में कर्मचारियों का विशेष नियोजन किया गया है. इंदौर जिले में 66 जोन और वितरण केंद्रों से जुड़े लगभग 1200 कर्मचारी शामिल होंगे. अन्य जिलों में 200 से 800 कर्मचारी राजस्व संग्रहण में योगदान देंगे। इसमें इंजीनियर, लाइनमैन, परीक्षण सहायक, ऑपरेटर, कार्यालय सहायक, कॉल सेंटर कर्मचारी और ग्रिड कर्मचारी शामिल हैं. कंपनी ने सभी बकायादारों से फोन कॉल और घर-घर संपर्क के माध्यम से बिल राशि जमा करने की अपील की है. सूचना देने के बाद भी राशि जमा न कराने पर सरचार्ज लगाने, कनेक्शन काटने जैसी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

### योजना का लाभ लेने की अपील

बिजली कंपनी ने 31 मार्च तक प्रभावी समाधान योजना का लाभ लेने की अपील की है. तीन माह या उससे अधिक बकाया बिल होने पर यदि राशि जमा की जाती है, तो सर्चार्ज पर 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी. यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए राहत का अवसर है जो लंबित बिलों का निपटान करना चाहते हैं.

## इंटर्नशिप विथ मेयर कार्यक्रम में शामिल होंगे छात्र-छात्राएं

**इंदौर.** इंटर्नशिप विथ मेयर जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की श्रृंखला में 25 मार्च को दोपहर 2 बजे एआईसीटीएसएल सभागृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मार्गदर्शन में ग्लोबल इंडियन आर्गेनाईजेशन (जीआईओ) के इंदौर चैप्टर के सहयोग से करीब 125 प्रतिभावान छात्रों को विश्व स्तरीय विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा. जीआईओ के रीजनल प्रेसीडेंट युवराज वरदराज मंडलोई ने बताया कि जीआईओ इंटरनेशनल के मीडिया एवं कम्युनिकेशन हेड वीरांगानायुलु शिवारात्रि मार्गदर्शन करेंगे।

# शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**इन्दौर.** शहीद ए आज़म भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की 96 व शहीद दिवस नेताजी सुभाष मंच एवं गीता रामेश्वर ट्रस्ट के तत्वाधान में आदर्श हनी हनी पब्लिक स्कूल के परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को नमन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष समाजसेवी मदन परमालिया ने बच्चों को बताया. यह तीनों वीर सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी थे. हमें अपने देश और समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए संकल्प लेना चाहिए. इस अवसर पर राजेंद्र बाबेल, संजय जयंत, मुन्ना लाल यादव थे. अतिथि स्वागत स्कूल वाइस प्रिंसिपल अर्चना सोनी, पुष्पा महाजन, काजल गुप्ता, पिंकी महाजन आदि ने किया. कार्यक्रम का संचालन श्री राजेंद्र ने किया. आभार माना वंशिका चंदेल.

### एक नजर में — श्रृंगेरी शंकराचार्य जगद्गुरु भारतीतीर्थ महाराज का 76वां वर्धंती महोत्सव मना

# श्रृंगेरी की गुरु परंपरा ने वेद, शास्त्र का किया संरक्षण



**इंदौर.** श्रृंगेरी की गुरु परंपरा सनातन धर्म की ज्ञान परंपरा की आधारशिला है, जिसने सदियों से वेद, शास्त्र और आध्यात्मिक मूल्यों का संरक्षण किया है. जगद्गुरु श्रीश्री भारती तीर्थ महास्वामी का जीवन और उनका मार्गदर्शन समाज को धर्म, सेवा और संस्कारों के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. श्रृंगेरी में मां शारदा देवी की विशेष पूजा होती है, यह ज्ञान और विद्या की अधिष्ठात्री देवी है, इसलिए इस पीठ को 'शारदा पीठ' भी कहा जाता है. यह बात मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक ने श्रृंगेरी पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महाराज के 76वें वर्धित महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में कही. जगद्गुरु शंकराचार्य के 76वें वर्धंती महोत्सव की शुरुआत महानिर्वाणी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंदजी भारती महाराज के सान्निध्य में दीप प्रज्ज्वलन और जयघोष के साथ हुई. स्वामीजी ने कहा श्रृंगेरी पीठ सबसे प्राचीन में से एक पीठ है. वहीं, महोत्सव के दौरान 21 विद्वानों के सानिध्य में वेद पारायण किया गया. इसके साथ ही नवचंडी महायज्ञ और आयुष्य सुक्तों का सस्वर पाठ भी संपन्न हुआ. सुबह से शाम तक चले पूजन-अर्चन और वैदिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मचारी प्रशांत अग्निहोत्री, विनोद सिंघल, सीए मोहित शर्मा, आशुतोष ठक्कर आदि मौजूद थे. संचालन सीए पं. सोमेंद्र शर्मा ने किया. महोत्सव के जब चारों वेदों के मंगल मंत्र गूंजे तो एक अलग ही धार्मिक माहौल नजर आया. शाम को जगद्गुरु शंकराचार्यजी की महाआरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ.